Dr. Kumar Purushotam Singh Nirala
MBBS, MS
State Programme Officer
Family Planning, MTP, RTI/STI

बिहार सरकार

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
An ISO 9001:2008 Certified Agency
स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

पत्रांकः SHSB/PM/98/2006-II/.........................पटना, दिनांकः.................

सेवा में

सभी सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
जिला स्वास्यि समिति, बिहार

विषयः Camp Flow Chart के अनुसार परिवार कल्याण ऑपरेशन सम्पादित करने के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्तरोतर वृद्धि एवं गुणात्मक सुधार लाने के लिए लाभार्थियों हेतु आयोजित कैम्पों का गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुकूल संपादित किया जाना अनिवार्य है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के Standard Operating Procedure (SOP) के अनुसार ऑपरेशन संपादित नहीं होने के फलस्वरूप लाभार्थियों को जटिलताओं का सामना करने की प्रबल संभावना बनी रहती है।

उपरोक्त तथ्य को ध्यान में रखते हुये परिवार कल्याण ऑपरेशन कैम्प को सुविधाजनक एवं गुणवत्तायुक्त बनाने हेतु Camp Flow Chart विकसित किया गया है, जिसे इस पत्र के साथ संलग्न कर उपलब्ध कराया जा रहा है।

अपेक्षित है कि उक्त Camp Flow Chart के अनुसार परिवार कल्याण कैम्प का आयोजन सुनिश्चित किया जाय ताकि परिवार कल्याण ऑपरेशन गुणवत्तापूर्ण एवं सहजता से सम्पादित हो सके एवं आमजन में इसकी स्वीकार्यता को और अधिक बल मिल सके।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0 / –
(डा0 कुमार पुरूषोत्तम सिंह निराला)

ज्ञापांकः 598 पटना, दिनांकः 27/01/16

प्रतिलिपिः–

1. कार्यपालक निदेशक–सह–विशेष सचिव (स्वास्थ्य), राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ समर्पित।
2. सभी जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, बिहार को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
3. सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, बिहार सरकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी / नोडल पदाधिकारी, परिवार कल्याण को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Dr. 27-1-16
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी